Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 13-04-2023 | अंक 539

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

## 407 में टक्कर से बाइक सवार, दो युवक की मौत



**अपेम लाइव : लातेहार**

महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड थाना क्षेत्र के एसएच 9 मेदिनीनगर मुख्य रोड पार्वती रेस्ट हाउस के पास बुधवार की रात्रि मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक की मौके पर मौत हो गई। महुआडांड़ बाजार की ओर से आ रहे मोटरसाइकिल सवार खड़ी 407 जे.एच 19बी ,5206 में सीधे टक्कर मार दी।जिससे अतुल खलखो (19 ) पिता स्व दिलीप खलखो गांव बहेराटोली की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा अमरदीप उरांव गम्भीर रूप से घायल हुआ। इस दुर्घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी आशुतोष यादव दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचने से पहले दोनों युवको को आस पास के ग्रामीणों की मदद से उठाकर गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां अतुल खलखो को डाक्टर के द्वारा मृत घोषित किया गया। अमरदीप जो गंभीर रूप से घायल था। उसकी प्राथमिक उपचार करके बेहतर इलाज हेतु लातेहार सदर अस्पताल रेफर किया गया। लातेहार ले जाने के दौरान अमरदीप की रास्ते में ही मौत हो गई। वही ग्रामीणो ने बताया कि अमरदीप बहेराटोली का दामाद था, जिसका घर पलामू है, बताया गया। ससुराल घूमने आया था। थाना प्रभारी ने कहा कि पोस्टमार्टम के लिए शव को लातेहार भेज दिया गया।

## छात्रो को योग प्रशिक्षक दिया गया



**अपेम लाइव : लातेहार**

महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत अनुसूचित जनजातीय आवासीय प्लस टू विद्यालय महुआडांड में विद्यालय के छात्रो को योग प्रशिक्षक दिया गया। जहां स्कूल परिसर के मैदान पर प्रधानाध्यापक गिरजाराम के द्वारा योगासन तथा प्राणायाम का अभ्यास छात्रों को कराया गया। प्रधानाध्यापक श्री राम ने कहां कि योग करना बहुत लाभदायक है। शरीर के स्वास्थ्य का संतुलन बना रहता है, मौके पर शिक्षक, कर्मी एवं छात्रों मौजूद थे।

## बरही के लक्ष्मण ने लकड़ी से बना दी केदारनाथ



**अपेम लाइव : बरही**

बरही पटना रोड निवासी लक्ष्मण पासवन ने लकड़ी का प्रयोग कर आकर्षक केदारनाथ की मंदिर बनाई है। यह कलाकृतियां बनाकर उन्होंने अपना हुनर दिखाया है। इस कलाकृति को तैयार करने में लक्ष्मण पासवन को डेढ़ से दो महीना का समय लगा है। वहीं लक्ष्मण ने बताया की उन्होंने केदारनाथ का ढांचा तैयार करने में बसूला, आरी और चाकू का प्रयोग किया है। जो आस पास के क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# विकास में उपेक्षित गांव धोबघट में सड़क व स्वास्थ्य सुविधा लाना मेरी पहली प्राथमिकता : उमाशंकर अकेला





**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला गुरुवार को बरही प्रखंड के रानीचुंवा पंचायत स्थित सबसे सुदूरवर्ती गांव धोबघट पहुंचे। उनके साथ वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी कमलेश सिंह, बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, अंचल निरीक्षक सतीश कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे। जहां विधायक उमाशंकर अकेला की अध्यक्षता में ग्रामसभा आयोजित हुआ। जिसमे वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी कमलेश सिंह, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, अंचल निरीक्षक सतीश कुमार, फोरेस्टर आनंद सिंह, दीपक कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। जहां ग्राम जीतपुर से नरसिंगवा होते धोबघट तक पक्का सड़क का निर्माण कार्य, ग्राम धोबघट के पिंडवा टोला से पंडरा डैम कुटमा तक पक्की सड़क निर्माण, धोबघट में एक उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से लिया गया। गांव में सड़क और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करने को लेकर वह लगातार प्रयासरत है। जल्द ही उपस्वास्थ्य केंद्र एवं सड़क का निर्माण करवाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वन विभाग द्वारा कुछ राशि से सड़क की मरम्मती कार्य करने के लिए आया हुआ है, जिसका कार्य एक दो दिन में प्रारंभ हो जायेगा। मौके पर ग्रामीणों में तूलेश्वर सिंह, लालो सिंह, रवि कुमार, सुरेंद्र सिंह, कार्तिक सिंह, लालजी मुर्मू, जीबलाल मुर्मू, बिशन टुड्डू, धनेश्वर सिंह, नारायण सिंह, टेकलाल सिंह, जागेश्वर सिंह, प्रकाश सिंह, कमल सिंह, भरत सिंह, सुरेश सिंह, राजू सिंह, भुनेश्वर सिंह, दुलारी देवी आदि उपस्थित रहे।

# जंगली जानवर ने मां-बेटे पर हमला कर किया घायल

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिले के बारियातू थाना क्षेत्र के चपरी गांव में जंगली जानवर ने हमला कर मां-बेटे को जख्मी कर दिया है. अनीता देवी और उनका पुत्र प्रिंस कुमार श्अपने घर के आंगन में बैठे थे. इसी दौरान एक जंगली जानवर घर में घुस आया और दोनों पर हमला कर दिया. इस दौरान मां और बेटे दोनों जानवर से बचने का प्रयास करते हुए शोर मचाने लगे. जिसके बाद आसपास के ग्रामीण वहां पहुंच गए. वहीं शोर-शराबा सुनकर जंगली जानवर वापस जंगल की ओर भाग गए. ग्रामीणों के अनुसार हमला करने वाला जानवर हुनडार या लकड़बग्घा थे.घटना के बाद आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने घायल मां-बेटे को तत्काल अस्पताल पहुंचाया.जहां चिकित्सकों ने दोनों का इलाज किया. हालांकि चिकित्सक के अनुसार दोनों खतरे से बाहर हैं. इधर, स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना वन विभाग को दे दी है. जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम पहुंच कर जंगली जानवरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है. वन विभाग के पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को जंगली जानवरों से सावधान रहने की बात कही है.जानकारों की माने तो गर्मी का मौसम आरंभ होने के बाद जंगली जानवर भोजन और पानी की तलाश में गांव की ओर अपना रुख करते हैं. वन विभाग के द्वारा कुछ स्थानों पर तो कृत्रिम रूप से पेयजल की व्यवस्था जानवरों के लिए की जाती है, लेकिन वह नाकाफी साबित होता है. ऐसे में जंगल से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली जानवरों का आतंक बढ़ जाता है. हालांकि दिन के समय में जानवर गांव में आने से डरते हैं. लेकिन रात में जानवरों का आतंक अधिक रहता है. इधर, ग्रामीणों को सचेत किया गया है कि देर रात बच्चों को अकेले घर से बाहर नहीं निकलने दें. दिन के उजाले में जंगली जानवरों के हमले से ग्रामीणों में भय का माहौल है.

# बिहार के नवादा से पिकअप वैन चोरी कर भाग रहा चोर वाहन समेत धराया

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



गुरूवार को विष्णुगढ़ के बनासो में बरामद नवादा से चोरी हुई पिकअप वैन

बिहार के नवादा जिला अंतर्गत नरहट प्रखंड के एक गांव से पिकअप वैन (बीआर27ई 2648) की चोरी कर भाग रहा चोर वाहन समेत गुरूवार को विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के बनासो में रंगेहाथ पकड़ा गया। पुलिस ने पिकअप वैन को जब्त कर चोर को हिरासत में ले लिया है। पिकअप वैन में जीपीएस सिस्टम मौजूद होने के कारण इसे ट्रैकिंग करने में पुलिस को सहूलियत हुई और अंततः वाहन बरामद हो गया। घटनास्थल पर पहुंचे वाहन मालिक नवादा जिला के नरहट निवासी कृष्णा शंकर प्रसाद ने बताया कि बुधवार की रात को घर के बाहर उनकी पिकअप वैन खड़ी थी। रात्रि एक बजे चोर पिकअप वैन का लॉक तोड़कर वाहन ले उड़े। इसकी तत्काल सूचना स्थानीय नरहट थाना में दी गई। वाहन में जीपीएस लगा होने के कारण नरहट पुलिस को इसे ट्रेक करने में सहूलियत हुई और वाहन की ट्रैकिंग करते हुए विष्णुगढ़ पहुंचे। इसकी सूचना विष्णुगढ़ पुलिस को दी गई। विष्णुगढ़ पुलिस ने भी त्वरित कार्रवाई करते हुए जीपीएस ट्रैकर के माध्यम से वाहन का लोकेशन बनासो के नावाटांड की ओर जाते हुए पाया। इसके बाद पुलिस ने फौरन नावाटांड के कुछ ग्रामीणों को सूचना देकर वाहन को किसी तरह रोकने की बात कही। नावाटांड में पहले से मौजूद सुरेश राम, भुनेश्वर राम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़क पर वाहन के आने का इंतजार करने लगे। नावाटांड पहुंचने पर पिकअप वैन चोर ग्रामीणों द्वारा की गई घेराबंदी से अपने को घिरता देखकर वाहन छोड़कर तेलनियांदह जंगल की ओर भागने लगा। ग्रामीणों ने जंगल में खदेड़ कर पिकअप वैन चोर को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। फिलहाल पुलिस की पूछ. ताछ में आरोपी पप्पू महतो पिता डालचंद महतो बोकारो जिला के महुआटांड का रहने वाला बताया है। पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

दिनांक: 13-04-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 02

## बिजली की अनियमित आपूर्ति एवं कटौती से उपभोक्ता और छात्र परेशान

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ प्रखंड में गर्मी शुरू होते हीं बिजली संकट गहराने लगा है ।शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की अनियमित आपूर्ति एवं कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं।कई घंटो तक बिजली गुल हो जाती है। उपभोक्ता कहते है कि आधी रात में बिजली आती है वह भी दो या चार घंटे रहने के बाद कट जाती है। लम्बे समय तक बिजली कटे रहने से उपभोक्ता एवं छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालय तो जनरेटर के भरोसे चल रहें है।ज्ञात हो कि मैट्रिक, इंटर, नवमी एवं आठवीं बोर्ड एग्जाम चल रहा है। छात्रों को पढ़ाई करने में दिक्कत हो रही है। वही बिजली आधारित उपकरण बेकार साबित हो रहे हैं। छात्र सुदीप खलखो समेत अन्य छात्रों ने कहा कि परीक्षा चल रहा है ऐसे में पढ़ाई करना जरूरी हो जाता है। बिजली नहीं रहने के कारण हम मोमबत्ती एवं सोलर लाइट से पढ़ाई करने को मजबूर होते है। बिजली सप्लाई में खराबी होने को लेकर विभाग के द्वारा बताया जाता है। ब्रेकडाउन लोकल कोर्ट एवं मेंटेनेंस को लेकर बिजली आपूर्ति बाधित रहती है।

## गुड़ियो में कांग्रेसियों ने जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का किया आयोजन, विधायक उमाशंकर अकेला हुए शामिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के गुड़ियों में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दूल मनान वारसी की अध्यक्षता में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि आज देश का लोकतंत्र खतरे में है। संविधान द्वारा दिया गया बोलने का अधिकार भाजपा सरकार द्वारा समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। देश की सरकारी कंपनियों को निजी कंपनियों के हाथों मोदी सरकार बेचने का काम कर रही है। विधायक श्री अकेला ने कहा कि जनता की राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। इन सवालों पर जब राहुल गांधी ने मोदी सरकार से सवाल पूछा तो राहुल गांधी की सदस्यता मोदी सरकार ने साजिश के तहत राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करवा दी। उन्होंने कहा कि आज देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस पूरे देश में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम कर रहा है। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, पूर्व सरपंच बैजनाथ यादव, जागेश्वर यादव, संजय कुमार, मेघलाल महतो, रामेश्वर पांडे, रमजान जी, बाबू लाल यादव, बैजनाथ यादव, प्रकाश यादव, रामचंद्र यादव, बहादुर पासवान, रामानंद यादव, सुनील पांडे आदि उपस्थित रहे।

## 30 पारा कुरान पूरा करने मिलाद का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत गरजामो डुमरियाडीह मस्जिद में पूरे 30 पारा कुरान तरावी के तौर में हाफिज तैयब साहब ने पूरा किया। इस अवसर पर मिलाद का आयोजन किया गया। हाफिज तैयब साहब से सभी नमाजी मुसाफा करते हुए उन्हे माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि मो कयूम ने हाफिज साहब को माला पहनाकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में हाफिज कोसर, हाजी नूर मोहम्मद, खलील अंसारी, अब्बास अंसारी, उस्मान साहब, सिकंदर अली, आजाद अली, अकबर अली, मो. हिउदिन, मो शमीम, अब्दुल जलील साहब, सरीफुदिन साहब, मो सराज, दौलत मियां, बाबून मियां, जुमान मियां, कादिर अली, फैज अहमद, वजीर अली, मो लतीफ, मो इद. रीश, करीम मियां, सफदर अंसारी, नसीर उद्दीन, अजीज मियां, समशुल अंसारी, अली मोहम्मद आदि उपस्थित रहें।

## पदमा : भाजपा कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन का पुतला फुंका

**अपेम लाइव : पदमा**
**सुमन मेहता**



पदमा प्रखंड के अंतर्गत पांडेय होटल के समीप भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड युवा मोर्चा अध्यक्ष उदय मेहता के नेतृत्व में हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। साथ ही साथ उन्होंने बताया कहा की हेमंत सोरेन के उग्र रवैया से रांची में भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज करना नियम के विरुद्ध है। पिछले तीन सालों में जनता भ्रष्टाचार सरकार से त्रस्त है। भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए आंसू गैस और पानी का बौछार भी किया गया। जिसका बदला जनता 2024 के चुनाव में देगी। इस कार्यक्रम में कमांडो मेहता, संजय मेहता, गब्बर कुमार, सुरेंद्र मेहता, कार्तिक मेहता, हरिहर महतो एवं नरेश कुमार मेहता सहित कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ में अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त, मामला दर्ज

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ पुलिस ने बुधवार की रात को गुप्त सूचना के आधार पर एक अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त किया है। हजारीबाग एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि कोयला तस्करों द्वारा ट्रक में अवैध कोयला लोड कर तस्करी हेतु गोमियां की ओर से नरकी बनासो–विष्णुगढ़ के रास्ते बिहार की मंडियों में बेचने के लिए ले जाने वाले हैं। इस सूचना पर विष्णुगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम द्वारा अरजरी पिकेट के समीप ट्रकों की जांच प्रारंभ की गई। जिसमें ट्रक संख्या (जेएच09वी 0526) को रोक कर ट्रक चालक से कोयला के संबंध में कागजातों की मांग की गई। ट्रक चालक लोड कोयला से संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाया। कोयले का वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा निर्गत वनोपज के पारगमन हेतु अनुज्ञा पत्र एवं वजन पर्ची भी चालक ने प्रस्तुत नहीं किया। इसे लेकर वाहन चालक सह मालिक बोकारो जिला के कथारा ओपी के झिरकी बस्ती निवासी अकबर अली पिता स्व. दिल मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे लेकर विष्णुगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।






दिनांकः 13-04-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## युवा कांग्रेस ने शुरू किया पोस्टकार्ड अभियान

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज और प्रभारी दीनबंधु शर्मा के निर्देशानुसार गुरुवार को युवा जिला अध्यक्ष अमित यादव के अध्यक्षता मे पोस्टकार्ड अभियान शुरू किया गया।अभियान में पोस्टकार्ड के माध्यम से राहुल गांधी के सवालों को प्रधानमंत्री से पूछने का काम किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पे जिला के प्रभारी रमन सिंह मौजूद थे ।इस अवसर पर प्रभारी रमन सिंह ने कहा कि पोस्टकार्ड के माध्यम से हमलोग पुरे जिले से राहुल गांधी की आवाज को प्रधानमंत्री के कानो तक पंहुचाने का काम करेंगे। वही अमित यादव ने कहा कि पार्टी के द्वारा जो भी निर्देश मिलेगा हमलोग लागातार संगठ्न के हित में काम करेंगे। कहा कि यह कार्यक्रम दोनो विधानसभा लातेहार और मनिका मे एक साथ यह शुरू किया गया। मनिका मे प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव के अध्यक्षता मे कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष मिथलेश पासवान मौजूद रहे।मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र उरांव, विधानसभा उपाध्यक्ष संतोष रजक, प्रखंड अध्यक्ष साजिद, इमरान, बिजेंदर उरांव,मुख्तार, रासिद सहित कई मौजूद थे।

## डाड़ीकला उर्दू मध्य विद्यालय में बिजली एवं पेयजल की घोर समस्या

### दोनों चापाकल खराब आधा किलोमीटर दूर से लाना पड़ता है पानी





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत डाडी कला उर्दू मध्य विद्यालय बिजली एवं पेयजल की समस्या से जूझ रहा है। 31 मार्च को आई तूफान में बिजली पोल गिर जाने के कारण स्कूल का बिजली व्यवस्था बिल्कुल बंद हो गई है वही विगत कई माह से दूर चापाकल खराब है। जिसके कारण रसोइयों को मध्यान भोजन बनाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उक्त मामले को लेकर स्कूल के अध्यक्ष मोहम्मद बरकतुल्लाह ने बताया कि स्कूल की समस्याओं को लेकर कई बार वरी पदाधिकारियों को आवेदन दिया गया परंतु समस्या का समाधान नहीं हो पाया है लोग आधा किलोमीटर दूर से पानी लाते हैं तब कहीं जाकर मध्यान भोजन बन रहा है। शिक्षा विभाग को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि स्कूल में व्याप्त समस्याओं को जल्द से जल्द दूर किया जा सके।




## पीएम के तानाशाही रवैये के विरोध में जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ सभा





**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

चौपारण : आलोकतांत्रिक तरीके से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ गौतम अडानी के रिश्ते सदन में विपक्ष के सांसदों को बोलने न देने और प्रधानमंत्री के तानाशाही रवैए के विरोध में चौपारण प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में बिगहा बाजार में जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया । आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार यादव की । सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि देश के संवैधानिक संस्थाओं को ध्वस्त किया जा रहा है । भारत का संविधान खतरे में है । देश की सत्तारूढ़ पार्टी ने देशहित में जवाब देने के बजाय आक्रोशित होकर राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता समाप्त कर डाला । सभा को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि बरही विधायक उमाशंकर शंकर अकेला ने कहा कि भाजपा के द्वारा देश में तानाशाह की हुकुमत चल रही है । नुक्कड़ सभा कार्यक्रम में 20 सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, सदस्य लव सिंह, काजिप सदस्य रवि शंकर अकेला,प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष उपेंद्र यादव उर्फ गुलाबी यादव, मुखिया जानकी यादव, करूणा चंद्रवंशी, संरक्षक बालकिशुन यादव, नवीन यादव,कोठारी सिंह, यदुनंदन यादव, सुमन सिंह, शमशेर आलम, मुखिया प्रतिनिधि हेलाल अख्तर, विनोद सिंह, अभिमन्यु भगत, टुन्नू बर्न वाल, मनोज सिंह, मनोज यादव, नागेंद्र कुशवाहा, डॉ. निजामुद्दीन अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## कर्णपूरा महाविद्यालय के लिपिक राजेंद्र कुमार एवं लाइब्रेरियन नागेश्वर महतो हुए सेवानिवृत्त विदाई समारोह

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में सीएससी सेंटर का उद्घाटन किया गया । वही सेवानिवृत्त कर्मचारियों लाइब्रेरियन नागेश्वर महतो एवं लिपिक राजेन्द्र कुमार का विदाई समारोह एवं पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो थे उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ष्अन्याय से लड़ते हुए आपकी मौत हो जाती है , तो आपकी आने वाली पीढ़ियां उसका बदला अवश्य लेगी , किंतु अन्याय सहते सहते आप मर जाओगे तो आने वाली पीढ़ियां भी गुलाम ही बनी रहेगी । विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के सचिव सह पूर्व प्रमुख टूकेश्वर प्रसाद ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके शब्दों को दोहराते हुए कहा कि ष्जो धर्म जन्म से एक को श्रेष्ठ और दूसरे को नीच बताएं वह धर्म नहीं , गुलाम बनाए रखने का षड्यंत्र है। हमें बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर कीर्तिनाथ महतो ने कहा कि इनका बचपन बहुत ही मुश्किलों में व्यतीत हुआ था, बाबासाहेब आंबेडकर सहित सभी निम्न जाति के लोगों को सामाजिक बहिष्कार, अपमान और भेदभाव का सामना करना पड़ता था। जिससे इनकी जीवन चुनौतीपूर्ण था और बहुत ही संघर्षपूर्ण रहा। इस कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो ने किया इन्होंने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कुल 09 भाषाओं के जानकार थे । इन्हें बो. धिसत्व एवं भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर ज्योति जलधर के द्वारा किया गया मौके पर सीएससी जिला प्रबंधक रौशन कुमार, मो. निजाम अंसारी,मुकेश झा, प्रोफेसर निरंजन प्रसाद नीरज, प्रोफेसर फजरुद्दीन, प्रो एन के दांगी, प्रोफेसर अनु कुमारी, प्रोफेसर रंजीत प्रसाद, प्रोफेसर ऋतुराज दास ,प्रोफेसर पवन कुमार ,प्रोफेसर ललिता कुमारी, प्रोफेसर रामकिशोर दांगी, प्रोफेसर लालदेव महतो, डॉ चंद्रशेखर राणा, लेखापाल सनवीर कुमार, नेमधारी राम ,अनिता कुमारी, धनेश्वर महतो, धनुनाथ प्रसाद, चंचल कुमार, मो. कामिल एवं स्वयंसेवकों में नीतू कुमारी, प्रियंका कुमारी ,सुषमा कुमारी, काजल कुमारी, निरंजन कुमार सचिन कुमार ,रणधीर, राहुल, दयानन्द आदि मौजूद थे।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

# आजसू पार्टी के न्याय मार्च में शामिल होने के लिए सैकड़ों कार्यकर्ता हजारीबाग हुए रवाना

## अपनी झोली भरने में मस्त है झारखंड सरकार : संदीप कुशवाहा

## झारखंडी जनता से हेमंत सोरेन को कोई मोह माया नही : प्रवक्ता तपेश्वर

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार 13 अप्रैल को हजारीबाग समाहरणालय में सामाजिक न्याय मार्च निकाल कर उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा गया। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा के नेतृत्व में बड़कागांव से तकरीबन 250 कार्यकर्ता हजारीबाग के लिए रवाना हुए। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ने कहा कि सरकार के जनविरोधी नीतियों एवं स्थानीय नीति, नियोजन नीति, पिछड़ा वर्ग को आरक्षण, बेरोजगारों को नौकरी नहीं मिलना, बेरोजगार छात्रों को बेरोजगारी भत्ता, तीन लाख का आवास, महिलाओं को चूल्हा चौकी के लिए 2000 रुपए प्रति माह, अवैध उत्खनन, शिक्षा नीति स्वस्थ नीति एवं भ्रष्टाचारी के खिलाफ यह सामाजिक न्याय मार्च है। जिसमें आजसू पार्टी के सभी अनुषंगी इकाई के पदाधिकारी, प्रखण्ड कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों, पंचायत कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य के तमाम पदाधिकारियों एवं सदस्य, बुद्धिजीवी मंच के तमाम पदाधिकारियों एवं सदस्य, जिला कमेटी के तमाम पदाधिकारी, नगर एवं सभी पदाधिकारी एवं सदस्य, केंद्रीय कमेटी के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्य, युवा मोर्चा के तमाम पदाधिकारियों एवं सदस्य, महिला मोर्चा के तमाम पदाधिकारियों एवं सदस्या, चूल्हा प्रमुख, ग्राम प्रभारी, क्षेत्रीय प्रभारी भाग ले रहे है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी ने महाठगबंधन की सरकार को झूठ और फरेब के नीति के खिलाफ राज्य के सभी जिलों में सामाजिक न्याय मार्च निकाला जा रहा है। इस सरकार से राज्य का भला होने वाला नहीं है।



सरकार और उनके मंत्री केवल और केवल ठेकेदारी करने में लगे हुए हैं। झारखंड के खनिज संपदा को लूट कर अपना घर भरने में लगे हुए हैं। राज्य की जनता ठगा सा महसूस कर रही है। गढ़वा जिले में बालू के अभाव में गरीब परिवार अपना घर तक नहीं बना पा रहे हैं। वही आजसू पार्टी के बड़कागांव प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने कहा कि बालू के मुद्दे पर सरकार, मंत्री और जिला प्रशासन चुप्पी साधे बैठे हैं। आने वाले दिनों में भी आजसू पार्टी के एक एक कार्यकर्ता झारखंड से ऐसी सरकार को सत्ता से बेदखल करने का कार्य करेगी। यह सरकार सिर्फ और सिर्फ हवाबाजी करने में लगा हुआ है झारखंडी आवाम का क्या होगा इससे कोई मतलब वर्तमान सरकार को नहीं है। झारखंडी जनता से हेमंत सोरेन का कोई मोह माया नहीं है। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा ,प्रखंड सचिव मनोज दांगी, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ,कामेश्वर महतो, रवि राम, राजा खान ,तुलेश्वर राम ,विनोद महतो, सब्बू खान,कमलेश कसेरा, मोबिन अंसारी ,फिरोज खान, अरुण कुमार महतो, शंकर मिश्रा, राज मेहता नारायण महतो, रामेश्वर महतो, निर्मल महतो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर तुरी, अजित कुमार मेहता, हुलास प्रसाद दांगी, गोपाल महतो , बादल कुमार ,मो. हित कुमार, कृष्णा कुमार,महेंद्र कुमार,मनोज रजक ,सुरेश गिरी, भारती महतो,कमल नाथ महतो ,भोला चौधरी, जगदेव महतो ,सुरेश दांगी सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गांव गांव चलो घर घर चलो अभियान के तहत भाजपा का कई कार्यक्रम आयोजित

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

चौपारण : पीएम नरेन्द्र मोदी के 9 वर्षों की कार्यकाल में पिछड़ा वर्गो के (बेहतर- बेहतर ) गांव गांव चलो घर घर चलो अभियान के तहत सु. निश्चित समय 6 अप्रैल से 14 अप्रैल के बीच भारतीय जनता पार्टी पिछडा जाति मोर्चा चौपारण पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राजकुमार यादव के द्वारा चोरदाहा में गांव गांव भ्रमण किया जा रहा है एवं बैठक की जा रही है। पिछड़ा वर्गो को कर लाभान्वित हेतु योजनाबद्ध तरीके से विशेष रुप से अहम जानकारीयां दी जा रही है। ओबीसी मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष राजकुमार यादव ने कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल में नीट आरक्षण , एम बी बी एस /बीडीएस कo लेज में ओबीसी एनसीएल विद्यार्थियों के लिए 27: आरक्षण दिया गया। वहीं प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति को 45000/- रुपये से बढ़ा कर 250000/- रुपये की गई । इन सभी योजनाओं से पिछड़े वर्ग के हजारों युवाओं को हर साल बेहतर अवसर प्राप्त करने और सामाजिक न्याय का एक नया कृतिमान बनाने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा के प्रकाश कुमार केशरी , सुरेन्द्र प्रसाद केशरी ,राहुल केशरी ,दिल्लीप केशरी, शंकर यादव, सतेन्द्र केशरी, कैलाश यादव, गौतम कुमार ,नन्कु यादव, किशोर विश्वकर्मा ,जगदीश यादव, उज्जवल केशरी ,अरुण विश्वकर्मा, पिन्टु राणा व प्रमेश्वर ठाकुर , नौसाद आलम महेन्द्र विश्वकर्मा, राजु यादव ,गोपाल साव, रंजित शर्मा , जयनाथ यादव , शिवन यादव, मदन दास , छोटु यादव शिवकुमार सहित अन्य भा. जपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अज्ञात चोर ने एक और मोटरसाइकिल टपकाया थाने में दिया गया आवेदन मामला दर्ज

## वाहन चोर की तस्वीर चोरी करते सीसीटीवी कैमरे में कैद

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव थाना अंतर्गत आसपास से मोटरसाइकिल चोरी का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर अज्ञात चोर ने एक और मोटरसाइकिल को पलक झपकते ही स्टार्ट कर ले भागा। मामले को लेकर शहजाद आलम पिता इम्तियाज आलम ग्राम सिरमा निवासी ने बड़कागांव थाने में आवेदन दिया है। पूछे जाने पर भुक्तभोगी शहजाद आलम ने बताया है कि मैं अपने मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस लिबास क्लoथ स्टोर के बगल में खड़ा कर कपड़ा खरीदने के लिए लिबास क्लoथ स्टोर गया था। खरीदारी कर जब वापस आया तो देखा कि हमारी गाड़ी गायब है। काफी खोजबीन किया नहीं पता चला।जब सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में देखा तो स्पष्ट दिखाई दिया कि चोर गाड़ी को स्टार्ट कर पश्चिम की ओर लेकर भाग गया। इधर बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बड़कागांव थाना कांड संख्या 120/23 धारा 379 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।और जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।बताते चलें कि इससे पहले भी बड़कागांव से कई वाहन की चोरी हो चुकी है। 30 मार्च को भी एक बजाज पल्सर 125 मोटरसाइकिल की चोरी हुई थी।जिसे चोरों के द्वारा कुएं में डाल दिया गया था 3 दिन बाद किसानों के द्वारा देखा गया और तब जाकर भुक्तभोगी को जानकारी मिली।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉo अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## लातेहार अधिवक्ता संघ ने चंदन चौबे की गिरफ्तारी का किया विरोध

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : झारखंड के जमशेदपुर पुलिस द्वारा कदमा शास्त्री नगर में हुए हिंसा के मामले में अधिवक्ता चंदन चौबे को गिरफ्तार करने का मामले ने तूल पकड़ लिया है. चंदन चौबे की गिरफ्तारी के खिलाफ गुरुवार अधिवक्ताओं ने कोर्ट में प्रदर्शन किया।दरअसल जमशेदपुर में 11 अप्रैल को अधिवक्ता चंदन चौबे को पुलिस ने गिरफ्तार किया।वहीं पुलिस के इस कार्यशैली का विरोध कर रहे अधिवक्ताओं का कहना है कि अधिवक्ता को हथकड़ी नहीं लगाना था।अधिवक्ता चंदन कुमार एसएसपी से दंगाइयों पर करवाई की मांग को लेकर उनसे मिलने गए थे। जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।इतना ही नहीं अधिवक्ता चंदन को हथकड़ी लगाई गई।जोकि नियम के खिलाफ है।किसी भी अधिवक्ता को हथकड़ी नहीं लगाने का आदेश कोर्ट द्वारा पहले ही दिया गया है।इसके बावजूद पुलिस अधिवक्ता चंदन को कैसे हथकड़ी लगा कर जेल भेज सकती है।मौके पर अधिवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष राजमणि प्रसाद, सचिव वृंद् कुमार,पंकज कुमार सिन्हा ,लाल अर. विन्द नाथ शाहदेव ,नवीन कुमार गुप्ता, संतोष रंजन, राजु रंजन पाण्डेय,विवेक गुप्ता,रमन महतो,अनिल कुमार ठाकुर, सहित सभी अधिवक्ता शामिल थे।




## सोनबरसा में धूमधाम से मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड के अंतर्गत ग्राम सोनबरसा में भारत रत्न बाबा साहब डॅरक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती तैयारी पुरी कर ली गई है ।जयंती के अवसर पर रात्रि में आरती देवी ,कयुम रूमानी, हुलास महतो के द्वारा ठेठ नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा। उक्त आशय का जानकारी पूजा कमेटी अध्यक्ष दिनेश कुमार रवि, उपाध्याय लालधारी राम ,आलोक कुमार, सचिव हरदयाल राम, महासचिव मुनेश कुमार रवि,कोषाध्यक्ष संजय कुमार दास, मीडिया प्रभारी टिंकू कुमार ,मनोरंजन मंत्री राजू दास ,परमेश्वर दास सुरक्षा अध्यक्ष उमेश कुमार ,संरक्षक पंचायत समिति सदस्य निर्मल राम, मुखिया करम राम ,कुलेश्वर राम ,नेमधारी राम ,अमन कुमार दास कार्यकारिणी सदस्य विकास कुमार, राजेश कुमार, सदन कुमार ,मनोज कुमार ,मिस्टर राम ,राजेंद्र राम ,भरत दास, बालेश्वर राम ,जीवन राम, मीणा राम ,अभय कुमार ,विशेश्वर राम ,सुनील कुमार ,अमित कुमार, राकेश कुमार ,अवधेश कुमार ,सचिन कुमार, शंकर रंजीत, सुजीत, सचिव, उपेंद्र नरेश अनिकेत धर्मपाल राम विवेक ,मुकेश ,बंदूक राम ,विजय, के अलावा अन्य लोग लगे हुए हैं।










डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार
सहयोगी: सोनू पंडित,
एडिटिंग- सोनू पंडित
मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार